भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 133
05 दिसम्बर, 2013 को उत्तर के लिए

स्पंज इस्पात संयंत्रों की स्थापना

133. श्री राजकुमार धूतः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश के विभिन्न भागों में बड़ी संख्या में स्पंज इस्पात संयंत्रों को बंद कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन्हें बंद किए जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार इन संयंत्रों के पुनरुद्धार हेतु क्या कार्रवाई करने का प्रस्ताव करती है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

(क) से (ग): कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों में कुछ स्पंज आयरन संयंत्र बंद हो चुके हैं। भारत में 400 से अधिक स्पंज आयरन यूनिटें स्थित हैं। इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है तथा इस्पात मंत्रालय के पास निजी यूनिटों की स्थापना अथवा बंद होने के संबंध में कोई सूचना नहीं है। तथापि, ये स्पंज आयरन संयंत्र प्रौद्योगिकीय कारकों, लौह अयस्क/कोयला/प्राकृतिक गैस आदि की अनुपलब्धता के कारण आर्थिक मंदी, गैर-प्रतिस्पर्धात्मकता जैसे विभिन्न कारकों के चलते बंद हुए हैं। सरकार का नियंत्रणमुक्त इस्पात क्षेत्र पर कोई नियंत्रण नहीं है।

****